## यूजीसी ने जारी किया नया ड्राफ्ट

**बीकानेर,**(कासं)। कॉलेजों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी अब पढ़ाई के साथ-साथ इंटर्नशिप भी कर सकेंगे। यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) ने विश्वविद्यालयों से अंडर ग्रेजुएट कोर्सेज में स्टूडेंट्स को इंटर्नशिप का मौका देने के लिए कहा है।

खास बात यह है कि इसको लेकर विद्यार्थियों को क्रेडिट पाइंट भी दिए जायेंगे। इससे विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ काफी कुछ सीखने को भी मिल सकेगा। साथ ही पढ़ाई के बाद तुरंत नौकरी की संभावना भी कई गुणा तक बढ़ जायेगी। इसको लेकर नोडल अधिकारी की भी नियुक्ति की जायेगी, जो इंटर्नशिप के लिए संस्थानों का चयन करेंगे।

विवि से जुड़े जानकारों के अनुसार यूजीसी की गाइड लाइंस में छात्रों को पेड इंटर्नशिप की पेशकश करने के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। इसे इंडस्ट्री की ओर से चलाए जाने वाले कॉरपोरेट सोशल रिस्पोंसिबिलिटी प्रोग्राम के तहत भी लिया जा सकता है। इस नए कदम से पढ़ाई में उद्योगों की आवश्यकता अनुसार नए पाठ्यक्रम शामिल किया जा सकते हैं।

यूजीसी की ओर से अंडर ग्रेजुएट लेवल पर स्टूडेंट्स को रिसर्च और इंटर्नशिप से जोड़ने के लिए 16 क्षेत्रों को चुना गया है। इसमें एआई, मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, आईटी आदि के साथ व्यापार व कृषि क्षेत्र, इकोनॉमी-बैंकिंग क्षेत्र, लाजिस्टिक, हैंडीक्राफ्ट, आर्ट, डिजाइन और संगीत का क्षेत्र, हेल्थ केयर और लाइफ साइंस, पर्यटन और उससे जुड़ी सुविधाओं वाला क्षेत्र, संचार, शिक्षा, मध्यम व छोटे उद्योग, रिटेल, खेल और फिजिकल एजुकेशन आदि शामिल हैं।

# आस्था ट्रेन बीकानेर से 1344 यात्रियों को लेकर अयोध्या रवाना

**बीकानेर,** (कासं)। केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के सहयोग से आस्था स्पेशल ट्रेन देर रात्रि बीकानेर से अयोध्या के लिए 1344 यात्रियों को लेकर रवाना हुई।

इस ट्रेन से अयोध्या के लिए रवाना होने वाले राम भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा है पूरा स्टेशन परिसर जय जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। वहीं ट्रेन के भीतर भी कोई जय जय श्रीराम के जयकारे लगा रहा है तो हनुमान चालीसा का पाठ पढ़ रहा है। राम भक्तों की टोली में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक शामिल है। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता भी स्टेशन पहुंचे।

- **आस्था ट्रेन में रामभक्तों को खाने पीने की और अयोध्या धाम में रहने की सहूलियत मिलेगी**
- **केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम ने फोन पर सभी रामभक्तों को शुभकामनाएं दी**




**बीकानेर रेलवे स्टेशन से महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित, विधायक विश्वनाथ मेघवाल, जेठानंद व्यास ने अयोध्या धाम के लिए आस्था स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।**

तेजाराम मेघवाल ने बताया कि इस ट्रेन के संचालन से बीकानेर से हजारों रामभक्त आज बीकानेर से अयोध्या के लिए रवाना हुए। इस आस्था ट्रेन में रामभक्तों को खाने पीने की और अयोध्या धाम में रहने की सहूलियत मिलेगी। बीकानेर रेलवे स्टेशन से भाजपा प्रदेश महामंत्री जगबीर छावा, जिलाध्यक्ष विजय आचार्य, महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित, विधायक विश्वनाथ मेघवाल, जेठानंद व्यास ने अयोध्या धाम के लिए आस्था स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने इस अवसर पर दूरभाष के माध्यम से सभी रामभक्तों को शुभकामना देते हुए कहा श्रीराम का मंदिर हमारी संस्कृति, शाश्वत आस्था, राष्ट्रीय भावना, लोगों की सामूहिक संकल्प शक्ति का भी प्रतीक बनेगा। कहा कि यह मंदिर आने वाली पीढ़ियों को आस्था, श्रद्धा व संकल्प की प्रेरणा देता रहेगा। जिनके त्याग, बलिदान व संघर्ष से वर्षों पुराना ये सपना साकार हुआ उनकी तपस्या राम मंदिर में नींव की भांति जुड़ी हुई है। आज हर कोई भगवान श्रीराम के दर्शन को लालायित है।

प्रदेश महामंत्री जगवीर छावा ने कहा प्रधामंत्री नरेन्द्र मोदी की इच्छाशक्ति से ये संभव हुआ। रामलला टैंट से आज भव्य मंदिर में विराजमान है। आप सभी भाग्यशाली है इस आस्था स्पेशल ट्रेन के माध्यम से आप सभी इस मंदिर के साक्षी बनने जा रहे हैं। श्रीराम का आशीर्वाद आप सभी पर बना रहे आपकी यात्रा शुभ और यादगार रहे।

शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य ने कहा जब स्टेशन में प्रवेश कर रहे थे तो रामभक्तों के चेहरों पर दिखे भाव को शब्दों में बया करना संभव नहीं है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सत्यप्रकाश आचार्य, महामंत्री श्यामसुंदर चौधरी, नरेश नायक, मोहन सुराणा, उपाध्यक्ष आनंद सिंह भाटी, विजय उपाध्याय, मंत्री मनीष सोनी, प्रवक्ता अशोक प्रजापत, पंकज अग्रवाल, विक्रम राजपुरोहित के साथ सैंकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नागरी भण्डार का स्थापना दिवस आज

**बीकानेर,** (कासं)। नगर की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रमुख केन्द्र श्री जुबिली नागरी भण्डार बीकानेर अपने 117 वें स्थापना दिवस एवं वसंतोत्सव के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी तीन दिवसीय समारोह का आयोजन आगामी 12 से 14 फरवरी तक करने जा रहा है।

श्री जुबिली नागरी भण्डार बीकानेर के अध्यक्ष विद्यासागर आचार्य एवं मंत्री डॉ. गिरिजा शंकर शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि तीन दिवसीय समारोह का आगाज़ 12 फरवरी को सुबह 11:00 बजे राजमाता सुदर्शन कला दीर्घा में युवा चित्रकारों द्वारा बनाये गए चित्रों की प्रदर्शनी के साथ होगा।

चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानन्द व्यास करेंगे। चित्र प्रदर्शनी के संयोजक मनोज सोलंकी भोज होंगे। चित्र प्रदर्शनी आयोजन के तीनों दिन शाम 6:00 बजे तक जारी रहेगी। तीन दिवसीय आयोजन के प्रेस प्रभारी शायर कासिम बीकानेरी ने बताया कि कार्यक्रम के दूसरे दिन 13 फरवरी को शाम 4:30 बजे नागरी भण्डार प्रांगण में विशाल कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन किया जायेगा।

कवि सम्मेलन एवं मुशायरा में अतिथि के तौर पर युवा साहित्यकार हरीश बी. शर्मा एवं भोपाल की कवयित्री श्रीमती रूपाली सक्सेना और शायर इरशाद अजीज होंगे। जिसमें नगर के हिन्दी, उर्दू एवं राजस्थानी भाषा के यशस्वी कवि एवं शायरों द्वारा अपनी रचनाएं प्रस्तुत की जायेगी। कवि सम्मेलन एवं मुशायरे के संयोजक शायर कासिम बीकानेरी होंगे। 14 फरवरी को शाम 4:00 बजे मंदिर प्रांगण में संगीत संध्या होगी।

## सार-समाचार

### 11 होनहार व 7 भामाशाह सम्मानित




**सेवानिवृत आर.ए.एस. जगमोहन मीणा ने आदिवासी स्नेह मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। अखिल आदिवासी मीणा महासभा द्वारा म्यूजियम सर्किल के पास टाऊन हॉल में आदिवासी स्नेह मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह की शुरूआत आदिवासियों के भगवान बिरसा मुंडा की फोटो पर माला पहना व दीप प्रज्ज्वलन से हुई। कार्यक्रम संयोजक मोहर सिंह सलावद ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत आरएएस जगमोहन मीना जयपुर थे। विशिष्ट अतिथि अधीक्षण अभियंता (जिला वृत) विद्युत राजेन्द्र सिंह मीना, पूर्व तहसीलदार मदन लाल मीणा, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश मीणा, अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मीना ने की। समारोह में आदिवासियों के हितों में जातिगत जनगणना, वर्तमान आरक्षण 12.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 16 प्रतिशत करने, बीकानेर नगर निगम में समाज को प्रतिनिधित्व देने, संभाग मुख्यालय पर समाज का सामुदायिक भवन व छात्रावास निर्माण, समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने पर मंथन किया गया। बीकानेर संभाग मुख्यालय पर मीणा समाज के लिए भूमि आवंटन व भवन निर्माण व नगर निगम में समाज को प्रतिनिधित्व दिलवाने हेतु आश्वस्त किया। संयोजक मोहर सिंह सलावद ने बताया कि कार्यक्रम में संभाग की विभिन्न क्षेत्रों में समाज का नाम रोशन करने वाली 11 प्रतिभाओं जिनमें शिक्षाविद एवं साहित्यकार डॉ.कांता मीना, आरएएस में चयनित संदीप कुमार मीना, सहायक निदेशक राज्य अभिलेखागार डॉ. हरिमोहन मीना, कनिष्ठ सहायक जिला कलेक्टर कार्यालय संदीप कुमार मीना, कक्षा 10 वीं 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर रश्मि मीना, मुस्कान मीना, जसवंत मीना, अभिषेक मीना को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### रेडियो डायग्नोसिस विभाग में सफाई



**विभागाध्यक्ष डॉ. रिद्धिमा गुप्ता के मार्गदर्शन में सीटी स्कैन, एम.आर.आई. तथा एक्सरे मशीन की सफाई की।**

बीकानेर, (कासं)। रविवार को अवकाश के दिन का सदुपयोग करते हुए सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के रेडियो डायग्नोसिस विभाग में सघन सफाई अभियान चलाया गया। स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत एसएसी अधीक्षक डॉ. सोनाली धवन के निर्देशन एवं विभागाध्यक्ष डॉ. रिद्धिमा गुप्ता के मार्गदर्शन में अवकाश के दिन रविवार को अपने विभाग में सफाई अभियान चलाया गया। विभाग के सह आचार्य डॉ.सचिन बांठिया ने बताया कि चिकित्सालय परिसर में स्थिति सीटी स्कैन, एम.आर.आई. मशीन तथा एक्स रे सहित अन्य मशीनों एवं विभाग के परिसर की विशेष सफाई की गई। इस दौरान रेडियोग्राफर सुरेन्द्र स्वामी, मनीष भाटी, राजेश बेनिवाल, राकेश कुमार, विकास आचार्य सहित अन्य स्टाफ ने स्वेच्छा से श्रमदान किया। इस अवसर पर अधीक्षक डॉ. सोनाली ने कहा कि इस तरह का सफाई अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### एम.एस.पी के लिए दिल्ली कूच

**अनूपगढ़,** (कासं)। केन्द्र सरकार की तरफ से दिल्ली किसान आंदोलन में समर्थन मूल्य पर कृषि जिंसों की खरीद के लिए दिए गए आश्वासन के पूरा नहीं होने पर एक बार फिर आंदोलन की सुगबुगाहट होने लगी है। 13 फरवरी को देश भर के किसान दिल्ली में फसलों के एमएसपी भाव कानून लागू करवाने की मांग को लेकर आंदोलन करने की तैयारी में है। आंदोलन को लेकर काफी राज्यों से किसान दिल्ली के लिए रवाना होंगे। स्थानीय विभिन्न किसान संगठनों के द्वारा भी दिल्ली आंदोलन के लिए किसानों से जनसंपर्क किया जा रहा है। यहां के किसान भी विभिन्न मांगों को लेकर दिल्ली में आयोजित आंदोलन में भाग लेंगे। जिला प्रशासन, जिला पुलिस प्रशासन ने क्षेत्र के विभिन्न किसान संगठनों के नेताओं को जिला कलेक्ट्रेट बुलाकर उनसे बैठक की और किसान संगठनों की आंदोलन की रूपरेखा की जानकारी ली। बैठक में सभी किसान संगठनों के नेताओं ने प्रशासन से पुरजोर तरीके से एमएसपी भाव कानून को लागू करवाने की मांग की। अखिल भारतीय किसान सभा के सचिव रणवीर सेखों ने बताया कि दिल्ली में पूर्व में चले किसान आंदोलन के दौरान भारत सरकार के द्वारा किसानों से वायदा किया गया था कि एमएसपी भाव कानून को लागू किया जायेगा। मगर सरकार अपने वायदे से मुकर रही है। जीकेएस के जिलाध्यक्ष राजा हेयर ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा के आव्हान पर 13 फरवरी से दिल्ली में एमएसपी कानून लागू करने की मांग को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। और इस आंदोलन में जिले के सैकड़ो की संख्या में किसान भाग लेंगे। सभी किसान संगठनों के द्वारा आंदोलन में शामिल होने के लिए किसानों से जनसंपर्क किया जा रहा है। जिला कलेक्टर अवधेश मीणा ने बताया कि किसानों को शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई है और किसानों की उचित मांगें सरकार तक पहुंचाई जायेगी।

# हनी ट्रेप मामले में महिला सहित तीन गिरफ्तार

**बीकानेर,** (कासं)। पुलिस ने एक महिला समेत तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों को पीड़ित से 50 हजार रूपए लेते रंगे हाथों पकड़ा।

जिले में व्यापारियों, ज्वैलर्स व प्रतिष्ठित व्यक्तियों को हनीट्रैप में फंसाकर ब्लैकमेल कर रूपए ऐंठने वाली गैंग का पुलिस ने पर्दाफाश किया। मुक्ताप्रसाद पुलिस ने एक महिला समेत तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को पीड़ित से 50 हजार रूपए लेते रंगे हाथ पकड़ा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) दीपक शर्मा ने बताया कि झाड़ेली हाल पता महादेव नगर निवासी फूसी उर्फ पुष्पा देवी पत्नी सोहनलाल नायक, फड़ बाजार कुचीलपुरा निवासी ओमप्रकाश, इन्द्रा कॉलोनी देशनोक निवासी जितेन्द्र, हिम्मताणियों का बास देशनोक निवासी पृथ्वीदान को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने अब तक कितनों को जाल में फंसाया इस बारे में पूछताछ की जा रही है।

- **व्यापारियों, ज्वैलर्स व प्रतिष्ठित व्यक्तियों को हनीट्रैप में फंसाकर ब्लैकमेल कर रूपए ऐंठने वाली गैंग का पर्दाफाश**

परिवादी ने मुक्ताप्रसाद थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दी। आरोपी परिवादी से 50 हजार रूपए की मांग कर रहे थे। पुलिस ने शनिवार सुबह 50 हजार रूपए देकर परिवादी को फूसी देवी के पास भेजा। रूपये देने के बाद परिवादी ने पुलिस को इशारा कर दिया। पुलिस टीम ने वहां पहुंच कर चारों को पकड़ लिया।

आरोपियों से 50 हजार रूपए नकद राशि बरामद कर ली। परिवादी दीनदयाल ने नौ फरवरी को मुक्ताप्रसाद थाने में रिपोर्ट दी। उसने बताया कि खारा गांव में उसकी दुकान है। वह सोने-चांदी के जेवरों की गढ़ाई का काम करता है। कुछ दिन पहले फूसी पत्नी सोहनलाल नायक दुकान पर आई। उसने परिवार में शादी का कहकर जेवर बनवाए। फिर फूसी ने सामान बीकानेर ही देने का कहकर उसे बुलाया। रूपए नहीं होने का बहाना बनाकर सब्जी मंडी से उसे अपने घर ले गई। उसे एक कमरे में बंद कर दिया जहां पहले से तीन लड़के मौजूद थे। जिन्होंने कपड़े उतारकर वीडियो बनाया। इस दौरान आरोपी फूसी नायक, ओमप्रकाश सोनी, जीतू सुथार व पृथ्वीदान चारण ने चांदी की दो पायजेब व सोने के दो लॉकेट छीन लिए।

## गौशाला संचालकों का अभिनंदन आज

**बीकानेर,** (कासं)। गौशाला संघ बीकानेर, गौ ग्राम सेवा संघ राजस्थान व मां भारती सेवा प्रन्यास के संयुक्त तत्वावधान में 16 वां संभाग स्तरीय गौशाला संचालक अभिनंदन एवं सम्मान समारोह का आयोजन 12 फरवरी को दोपहर 3:00 बजे स्थानीय रविन्द्र रंगमंच म्यूजियम के पास आयोजित किया जायेगा।

गौ ग्राम सेवा संघ राजस्थान के संयोजन में आयोजित महति आयोजन में बीकानेर संभाग सहित नागौर जिले के गौशाला संचालक भाग लेंगे। बीकानेर गौशाला संघ के महामंत्री निरंजन कुमार सोनी ने बताया कि इस आयोजन में गौशाला संचालकों को वर्तमान अनुदान, वर्तमान राज्य सरकार की योजनाएं, नंदीशाला, गौशाला व गौशाला प्रबंधन पर भी राज्य सरकार व गोपालन विभाग के अधिकारी व विषय विशेषज्ञ जानकारी उपलब्ध करवायेंगे।

# गोदारा ने जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी

**बीकानेर,** (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा लूणकरनासर मुख्यालय पर जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं जानी और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

गोदारा ने औद्योगिक क्षेत्र स्थित कार्यालय में आमजन से मुलाकात की और उनकी परिवेदनाएं सुनी। इस अवसर पर सड़क, पानी, बिजली, चिकित्सा, राजस्व , शिक्षा सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं सुनते हुए गोदारा ने कहा कि विभागीय अधिकारी अपने यहां आने वाली परिवेदनाओं को प्राथमिकता के साथ निस्तारित करें। आमजन बहुत उम्मीद से सरकारी कार्यालय पहुंचते हैं।

होने लायक कार्यों को तुरंत किया जाए। अनावश्यक रुप से कार्य में देरी नहीं हो और यदि कार्य होने लायक नहीं है तो कारण सहित स्पष्ट रूप से जवाब दें। इस अवसर पर लूणकरनसर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण आए।

- **गोदारा ने अफसरों से दो टूक कहा कि काम में लेटलतीफी नहीं चलेगी**
- **सड़क, पानी, बिजली, राजस्व, शिक्षा सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं आई**

उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की भी अपील की। इस अवसर पर प्रधान कानाराम गोदारा सहित क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद थे।

# फर्जी पट्टा मामले में नायब तहसीलदार निलंबित

**बीकानेर,**(कासं)। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने छतरगढ़ क्षेत्र में फर्जी पट्टों से कृषि भूमि इंतकाल के मामले में नायब तहसीलदार सरवनदीन उप तहसील दमोलाई को निलंबित कर दिया है।

कलेक्टर के अनुसार दमोलाई मय राणेर के नायब तहसीलदार सरवनदीन को विरूद्ध विभागीय जांच विचाराधीन होने के चलते राजस्थान सिविल सेवा नियम के तहत निलंबन किया गया है। इस अवधि में मुख्यालय कार्यालय उपखंड बज्जू रहेगा।

यह मामला छतरगढ़ उपखण्ड के मोतीगढ़ में करीब दो हजार बीघा, केला के सरदारपुरा में करीब एक हजार बीघा, कुंडा में करीब 600 बीघा, राजासर भाटियान में 250 बीघा से जुड़ा हुआ है। राज्य सरकार ने वर्ष 1971 में अकाल के दौरान भूमिहीन किसानों को पट्टे दिए थे। पट्टे आवंटन का अधिकार राजस्व अधिकारी को दिया गया। जबकि इनका आवंटन दो नायब तहसीलदारों ने 2022-23 के दौरान नियम विरूद्ध कर दिया।

- **कलेक्टर ने छतरगढ़ क्षेत्र में फर्जी पट्टों से कृषि भूमि इंतकाल के मामले में दमोलाई नायब तहसीलदार सरवनदीन को निलंबित किया**

## पंजाब, हरियाणा बॉर्डर 12-13 को रहेंगे अवरूद्ध

**बीकानेर,** (कासं)। संयुक्त किसान मोर्चा के विभिन्न किसान संगठनों द्वारा 13 फरवरी को दिल्ली में प्रस्तावित धरना प्रदर्शन के चलते राजस्थान, पंजाब और हरियाणा बॉर्डर अवरूद्ध रहेंगे।

बीकानेर से श्रीगंगानगर, अनूपगढ़, हनुमानगढ़, पंजाब , हरियाणा मार्ग पर सार्वजनिक परिवहन सेवा (रोडवेज), लोक परिवहन एवं अन्य बसों का संचालन 12 और 13 फरवरी को बाधित रहेगा। जिला परिवहन अधिकारी भारती नैथानी ने बताया कि सर्वसाधारण को इस संबंध में सूचित किया जाता है कि अत्यावशक कार्य नहीं होने पर 12 और 13 फरवरी को अपनी यात्रा स्थगित रखें। आवश्यक कार्य होने पर ही यात्रा करें।

# बजरी व पुट्टी से भरे तीन ट्रक सीज, लाखों का जुर्माना

**अनूपगढ़,** (कासं)। पुलिस ने अवैध बजरी खनन व परिवहन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाते हुए एसआई भूप सिंह ने गांव बांडा कॉलोनी के पास 3 ट्रकों को सीज किया।

पुलिस ने अवैध बजरी, पुट्टी और ईंटों से भरे ट्रक को सीज कर इसकी सूचना परिवहन और खनिज विभाग को दी गई। सूचना मिलने परिवहन विभाग के एसआई प्रवीण बिश्नोई ने बजरी से भरे ट्रक पर 65 हजार रूपए और पुट्टी से भरे ट्रक पर 40500 रूपए का जुर्माना लगाया है। वहीं खनिज विभाग के एएमई नोरंग ने बजरी से भरे ट्रक पर 1 लाख 78 हजार रूपए का जुर्माना लगाया है।

सीज किए गए तीनों ट्रकों को गांव बांडा कॉलोनी की पुलिस चौकी में खड़ा किया गया है। पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार ने बताया कि चक 1 एलएसएम बांडा कॉलोनी भारतमाला रोड पर सहायक उप निरीक्षक भूप सिंह व अन्य ने नाकाबंदी कर रखी थी।

- **बजरी से भरे दो ट्रकों पर 2 लाख 43 हजार रूपए का व पुट्टी के ट्रक पर 40500 रुपये का जुर्माना लगाया**

इस दौरान अनूपगढ़ से रायसिंहनगर की ओर जा रहे ट्रक को रूकवाया गया। जांच की गई तो वह ट्रक अवैध बजरी से ओवरलोड था। पुलिस ने ट्रक को सीज कर दिया। थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने बताया कि इसके अलावा दो अन्य ओवरलोड ट्रकों को भी सीज किया गया है। जिसमें एक में पुट्टी के कट्टे और दूसरे में ईंटें भरी हुई थी।

तीनों ट्रकों को बांडा कॉलोनी पुलिस चौकी में खड़ा किया गया है और परिवहन विभाग तथा खनन विभाग को आगामी कार्रवाई के लिए सूचना दे दी गई। सब इंस्पेक्टर प्रवीण बिश्नोई ने बताया कि बजरी से भरे ट्रक पर 65 हजार रूपए और पुट्टी से भरे ट्रक पर 40500 रुपये का जुर्माना लगाया है।

# डॉ. सोनी ने मरीजों से मुलाकात कर चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली

**बीकानेर,** (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध राजकीय सैटेलाइट चिकित्सालय गंगाशहर में रविवार को सुबह दस बजे अचानक प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉक्टर गुंजन सोनी पहुंचे। डॉ. सोनी ने वहां स्टाफ का उपस्थिति रजिस्टर चैक कर चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

शौचालयों एवं परिसर में साफ-सफाई का निरीक्षण किया और भर्ती मरीजों से मुलाकात करने मिलने वाली चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। निःशुल्क दवाओं की उपलब्धता सहित अन्य सेवाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां स्टाफ की मौजूदगी रही। सभी स्टाफ यूनिफार्म में मिला। सभी डॉक्टर्स अपने कार्य स्थल पर उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि राजकीय अवकाश के दिन अस्पताल में ओपीडी समय सुबह 9 से 11 बजे तक होता है।



**सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी ने गंगाशहर सैटेलाइट अस्पताल पहुंचकर मरीजों से जानकारी ली।**

इस बीच प्राचार्य दस बजे करीब गंगाशहर अस्पताल पहुंचकर औचक निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद प्राचार्य डॉ. सोनी ने सैटेलाइट अस्पताल में चिकित्सा सहित अन्य व्यवस्थाओं पर संतोष प्रकट करते हुए कहा कि हम नर सेवा नारायण सेवा की भावना को आत्मसात कर आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने हेतु प्रतिबद्ध है। आपात स्थिति में मरीजों को गंगाशहर से अन्यत्र जगह ले जाने के लिए परिसर में स्थित एम्बुलेंस को प्राचार्य डॉ. सोनी ने स्वयं चलाकर चैक किया। कई बार एम्बुलेंस में तकनीकी खराबी के चलते मरीजों को असुविधा होने की शिकायतें प्राप्त होती है।

- **प्राचार्य डॉ. सोनी ने सैटेलाइट अस्पताल में चिकित्सा सहित अन्य व्यवस्थाओं पर संतोष जताया**

इसके मध्यनजर प्राचार्य डॉ. सोनी ने स्वयं एम्बुलेंस में मिलने वाली चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया और स्वयं ने एम्बुलेंस चलाकर भी देखी। इस दौरान एम्बुलेंस में काई खराबी नजर नहीं आयी साथ ही मरीजों के उपयोग में आने वाले चिकित्सा उपकरण भी सही पाए गये।

# जल स्त्रोतों का संरक्षण हमारी महती आवश्यकता : डॉ. रितेश

**बीकानेर,**(कासं)। अजित फाउंडेशन द्वारा मासिक संवाद श्रृंखला के तहत 'जल स्त्रोत-निर्माण तकनीक और महत्व' पर शिक्षाविद डॉ. रितेश व्यास का व्याख्यान संस्था सभागार में आयोजित किया गया।

डॉ. व्यास ने अपनी बात रखते हुए कहा कि जल स्त्रोतों का वर्तमान दौर में महत्व कम नहीं हुआ है। यह आज भी इतने प्रासंगिक है, जितने निर्माण के समय थे। उस दौर में पानी की इतनी किल्लत नहीं थी।

फिर भी इनका निर्माण बड़े मनोयोग से हुआ और आमजन तथा जीव-जन्तुओं को इनका लाभ मिलता था। लेकिन आज हर घर नल ने इन जल स्त्रोतों के प्रति हमारा नजरियां बदल दिया है। जरूरत है इस नजरिए को बदलने की और इन जल स्त्रोतों को बचाने की।

डॉ. व्यास शेखावाटी अंचल, बीकानेर, पोकरण आदि क्षेत्रों के जल स्त्रोतों के निर्माण की तकनीक और उनके महत्व पर प्रस्तुतिकरण द्वारा अपनी बात रखी।



**'जल स्त्रोत-निर्माण तकनीक और महत्व' पर डॉ. रितेश व्यास ने व्याख्यान दिया।**

कार्यक्रम की अध्यक्षयता करते हुए इतिहासवेत्ता एवं पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. भंवर भादानी ने कहा कि अधिकांष जल स्त्रोतों का निर्माण उन इलाकों में अधिक हुआ है जहां बारिश कम होती थी और वह क्षेत्र रेगिस्तान से अटा हुआ था। इसका मतलब इन निवासियों को यह पता था कि हमारी आजीविका और जीविका इन्हीं से जुड़ी हुई है।

